# प्रभु के चरणों से सच्चा गर प्यार किसी को हो जाये

प्रभु के चरणों से सच्चा गर,
प्यार किसी को हो जाये,
दो चार शहर की बात ही क्या,
संसार उसी का हो जाये।bd।

---

रावण ने राम से बैर किया,
उसे अब भी जलाया जाता है,
बन भक्त विभीषण शरण गए,
घर बार उसी का हो जाए,
दो चार शहर की बात ही क्या,
संसार उसी का हो जाये।bd।

---

गणिका ने कौन से वेद पढे,
कुब्जा क्या रूप की रानी थी,
जिसमे छल कपट का लेश नहीं,
घनश्याम उसी का हो जाए,
दो चार शहर की बात ही क्या,
संसार उसी का हो जाये।bd।

---

माया के पुजारी सुन लो तुम,
उस प्रेम दीवानी मीरा से,
गर प्रेम हो मीरा सा मन में,
मोहन तेरा भी हो जाए,
दो चार शहर की बात ही क्या,
संसार उसी का हो जाये।bd।

---

प्रभु के चरणों से सच्चा गर,
प्यार किसी को हो जाये,
दो चार शहर की बात ही क्या,
संसार उसी का हो जाये।bd।

गायक – रूपेश चौधरी।
**7004825279**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com